# 5 श्रेष्ठ और 5 कमजोर जिले सरकार की राडार पर

## विषय संयोजक को प्रजेंटेशन के लिए मिलेंगे 20 मिनट

### 7 और 8 को होगी कमिश्नर-कलेक्टर कॉन्फ्रेंस

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, राजधानी में 7 और 8 अक्टूबर को होने वाले कमिश्नर- कलेक्टर कॉन्फ्रेंस की तैयारियां अब अगले स्तर पर पहुंच गई है.**

डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद उनकी ये पहली कॉन्फ्रेंस होगी, जिसमें आला मैदानी अधिकारी राजधानी में एक साथ जुटेंगे. इस कॉन्फ्रेंस के लिये राज्य सरकार ने दिशा-निर्देश भी तय कर दिये हैं और इसे सभी मंत्रालय से लेकर मैदान तक के आला अफसरों को भेज दिया गया है. सबसे बड़ी बात ये कि इस बार की कॉन्फ्रेंस में योजनावार जिलों की मॉनीटरिंग की जायेगी. इस दौरान योजनाओं में सबसे बेहतर परफॉर्मेंस करने वाले 5 जिले और सबसे खराब परफॉर्म करने वाले 5 जिले सरकार के राडार पर होंगे. इसमें देखा जाएगा कि राज्य सरकार के विजन के मुताबिक इन योजनाओं को धरातल पर उतारने में जिले कितने कामयाब हुए हैं.

सामान्य प्रशासन विभाग ने कॉन्फ्रेंस के लिये जो कार्ययोजना तैयार की है, उसके मुताबिक विषय संयोजक को प्रजेंटेशन के लिए अधिकतम 20 मिनट मिलेंगे और प्रत्येक क्षेत्र में राज्य सरकार की प्राथमिकताएं बतायी जायेंगी. कांन्फ्रेंस में कलेक्टरों के सुझावों पर ध्यान केन्द्रित कर आने वाली विशिष्ट समस्याएं और मुद्दे तथा जिला स्तर पर उस क्षेत्र के साथ अन्य किसी क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए नवाचार पर चर्चा की जायेगी. मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय और योजना विभाग चुनिंदा कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे. स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग और नवाचार तथा जिला, ब्लॉक और पंचायत स्तर पर सार्वजनिक संवाद वीसी के माध्यम से इच्छित परिणाम प्राप्ति पर चर्चा होगी। जिला, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर रोजगार सृजन, लोगों के लिए सरकारी कल्याणकारी योजनाओं तक आसान पहुंच और पहलों के बारे में जागरूकता पर चर्चा होगी. सभी 8 सेक्टरों के लिए 75 मिनट का सत्र समय रखा गया है. कांफ्रेंस का उदघाटन सत्र 7 अक्टूबर की सुबह 10 बजे से 10.30 बजे तक सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा परिचय, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मुख्य सचिव अनुराग जैन के संबोधन से होगा.

> **दूसरे दिन शिक्षा से शुरू होगी चर्चा और कानून पर होगी खत्म**
>
> कॉन्फ्रेंस में 8 अक्टूबर की गतिविधियों के तहत सुबह 9.30 से 10.15 बजे तक मुख्य सचिव अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री, आयुक्त जनसंपर्क द्वारा अपेक्षाओं के साथ विविध चर्चाएं की जायेंगी. कॉन्फ्रेंस के छठवें सत्र में संयोजक प्रमुख सचिव-स्कूल शिक्षा, प्रमुख सचिव जनजाति कार्य चर्चा करेंगे. सातवें सत्र में प्रमुख सचिव पीएचई/प्रमुख सचिव जनजाति कलेक्टर्स के बीच रिसर्च और विकास एवं जनजातीय गतिविधियों पर चर्चा करेंगे. आठवें सत्र में नियम और कानून पर चर्चा होगी.

# राहुल के बयान पर विवाद

### कैबिनेट मंत्री सारंग ने जताई आपत्ति



**भोपाल, 3 अक्टूबर. विदेश दौरे पर आरएसएस पर दिए गए विवादित बयान के बाद मध्य प्रदेश में सियासी बयानबाजी तेज हो गई. कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि विदेश जाकर भारत को बदनाम करना गलत है. विपक्षी नेता होने के नाते लोकतंत्र का अपमान नहीं करना चाहिए.**

सारंग ने यह भी कहा कि विदेश मीडिया राहुल गांधी का इंटरव्यू इसलिए करती है कि वे भारत में नेता विपक्ष हैं, न कि गांधी-नेहरू परिवार से होने के कारण. उन्होंने संघ और भाजपा नेताओं के योगदान को भी याद किया. वहीं कांग्रेस के पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने राहुल गांधी के बयान का समर्थन किया और कहा कि आरएसएस का देश की आजादी में कोई योगदान नहीं रहा.

# बीएचईएल ने भेजा 100वां 765 केवी ट्रांसफॉर्मर

## पावरग्रिड के लिए निर्मित 100वां 765 केवी, 500 एमवीए ट्रांसफॉर्मर का प्रेषण



**संवाददाता बीएचईएल**

**भोपाल, 03 अक्टूबर. भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, भोपाल ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की. बीएचईएल ने पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के लिए निर्मित 100वां 765 केवी, 500 एमवीए ट्रांसफॉर्मर का प्रेषण किया.**

इस इकाई को न्यू टीआरएम ब्लॉक से बीएचईएल के महाप्रबंधक एवं इकाई प्रमुख प्रदीप कुमार उपाध्याय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. कार्यक्रम में पावरग्रिड के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक सुबोध राउत, तथा बीएचईएल के वरिष्ठ अधिकारी—रूपेश तैलंग, महाप्रबंधक (फीडर्स एवं टीसीबी, मैन्युफैक्चरिंग, वाणिज्य एवं मेंटेनेंस); विपुल अग्रवाल, महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन); जी. पी. बघेल, महाप्रबंधक (गुणवत्ता); एस. के. महाजन, महाप्रबंधक (टीसीबी-इंजीनियरिंग सर्विसेज एवं एमएम); आलोक सेंगर, महाप्रबंधक (फेब्रीकेशन); राजेश कुमार अग्रवाल, महाप्रबंधक (एसओएम); और प्रदीप चंद्र कांडपाल, महाप्रबंधक (थर्मल एवं लॉजिस्टिक्स) मौजूद थे. बड़ी संख्या में कर्मचारी भी उपस्थित रहे. यह उपलब्धि किसी एक ग्राहक को सर्वाधिक 765 केवी श्रेणी के ट्रांसफॉर्मरों की आपूर्ति का महत्वपूर्ण रिकॉर्ड है. यह बीएचईएल भोपाल की उच्च तकनीकी दक्षता, गुणवत्ता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता और देश के विद्युत क्षेत्र को सशक्त बनाने में निरंतर योगदान का सशक्त प्रमाण है.

### भोपाल में स्मार्ट मीटर पर बवाल, उपभोक्ता सड़कों पर उतरेंगे

**भोपाल.** मध्यप्रदेश बिजली उपभोक्ता एसोसिएशन के बैनर तले प्रदेशभर के उपभोक्ता 6 अक्टूबर को राजधानी में प्रदर्शन करेंगे. यह विरोध प्री-पेड स्मार्ट मीटर लगाने के खिलाफ है. संगठन का कहना है कि स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला जा रहा है. एसोसिएशन ने सरकार के सामने 11 मांगें रखी हैं. इनमें पुराने मीटर चालू रखने, प्री-पेड सिस्टम खत्म करने और बिजली बिलों में पारदर्शिता जैसी प्रमुख मांगें शामिल हैं. संगठन ने चेतावनी दी है कि अगर मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा.

# 560 रिक्त पदों पर जल्द होगी भर्ती



**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 3 अक्टूबर. राज्य के महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों के 560 पद रिक्त हैं, जिसके लिए उ है.**

आयोग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एमपी सेट परीक्षा 31 विषयों में आयोजित की जाएगी। इन विषयों का पाठ्यक्रम राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी नेट और यूजीसी-सीएसआईआर नेट) के पाठ्यक्रम के अनुरूप होगा, जिससे नेट की तैयारी करने वालों को अलग से एमपी सेट की तैयारी नहीं करनी होगी। एमपीपीएससी ने जिन 31 विषयों में राज्य पात्रता परीक्षा आयोजित करने की घोषणा की है, उनमें मुख्य रूप से रसायन विज्ञान, भौतिकी, गणितीय विज्ञान, वाणिज्य, प्रबंधन, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिंदी, मराठी, उर्दू, संस्कृत, पारंपरिक संस्कृत विषय (ज्योतिष, व्याकरण, प्राग्य साहित्य, आदि), भूगोल, इतिहास, राजनीति विज्ञान, ललित कला और योग जैसे कई अन्य विषय शामिल हैं।

> **क्या है एमपी सेट परीक्षा**
>
> एमपी सेट राज्य के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों की भर्ती प्रक्रिया के लिए आयोजित किया जाता है। एमपीएससी ने बताया है कि परीक्षा की विस्तृत अधिसूचना और ऑनलाइन आवेदन संबंधी पूरी जानकारी जल्द ही आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी की जाएगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन तिथियों और परीक्षा से संबंधित किसी भी महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत रहने के लिए आयोग की वेबसाइट पर नियमित रूप से अपडेट देखें।

### एक नजर में

#### बीएसएनएल की रजत जयंती पर हुए कार्यक्रम

**भोपाल.** भारत संचार निगम लिमिटेड की रजत जयंती के अवसर पर शुक्रवार को भोपाल स्थित रविन्द्र भवन में दूरसंचार महिला कल्याण संगठन के तत्वावधान में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीएसएनएल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने गीत, नृत्य, नाटक और मिमिक्री जैसी रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर बीएसएनएल मध्यप्रदेश के मुख्य महाप्रबंधक मिथिलेश कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि बीएसएनएल के लिए आज का दिन गर्व का है.

#### हिंदू युवती के साथ पकड़ाया जिम ट्रेनर

**भोपाल.** हबीबगंज इलाके में एक होटल से एक कपल को बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पकड़ लिया। लव जिहाद का आरोप लगाते हुए कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। युवक के साथ मारपीट की और पुलिस के हवाले कर दिया। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस से भी बहस की। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। युवक अपनी पहचान छिपाकर हिंदू युवती को हबीबगंज इलाके के एक होटल में लेकर पहुंचा था। जानकारी के मुताबिक होटल में युवक ने अपना नाम बंटी बताया था। खबर हिंदू संगठनों को लगी तो बड़ी संख्या में कार्यकर्ता होटल पहुंच गए।




# खादी व स्वदेशी उत्पाद खरीदें भाजपा कार्यकर्ता और आमजन

**भोपाल, 03 अक्टूबर. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने शुक्रवार को भोपाल के जवाहर चौक स्थित खादी भंडार से खादी के वस्त्र खरीदे और डिजिटली भुगतान किया.**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान से खादी एवं स्वदेशी उत्पादों का महत्व बढ़ा है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा एवं जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति उपस्थित रहे।

# मध्यप्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी

## कई जिलों में तेज हवाओं और बिजली गिरने की संभावना



**भोपाल, 03 अक्टूबर. प्रदेश में मौसम का मिज़ाज लगातार बदलता हुआ नजर आ रहा है और बारिश का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. मौसम विभाग के अनुसार आज प्रदेश के कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है.**

कुछ हिस्सों में बारिश के साथ बिजली गिरने और गरजने की भी चेतावनी जारी की गई है. प्रदेश के रीवा और मैहर क्षेत्रों में मौसम विभाग ने मध्यम गरज के साथ बारिश होने का पूर्वानुमान जारी किया है. वहीं छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, सतना, चित्रकूट, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, कटनी और उमरिया/बांधवगढ़ जिलों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है. इन क्षेत्रों में लोगों को बिजली गिरने और अचानक तेज हवाओं से सतर्क रहने की चेतावनी दी गई है.

इसके अलावा अनुपपुर, अमरकंटक, डिंडोरी, मंडला/कान्हा, बालाघाट, सिवनी, जबलपुर/ भेड़ाघाट, सागर, सीहोर, बैतूल, हरदा, देवास और बड़वानी जिलों में हल्की बारिश के साथ बिजली चमकने और गरजने की संभावना है. मौसम विभाग ने इन इलाकों में राहगीरों और किसानों को मौसम की स्थिति के अनुसार सतर्क रहने की हिदायत दी है.

मौसम विभाग के अनुसार, यह बारिश कच्छ के निम्न दाब और बंगाल की खाड़ी से उठे सिस्टम के कारण हो रही है. इन सिस्टम्स का असर प्रदेश भर में अलग-अलग रूप में दिखाई दे रहा है.

> कुछ जिलों में यह तेज हवाओं के रूप में दिखाई देगा, जबकि अन्य जिलों में हल्की बारिश और गरज के साथ बिजली गिरने की संभावना अधिक है. राज्य के प्रशासनिक अधिकारियों ने भी लोगों से अपील की है कि वे मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट पर ध्यान दें. विशेष रूप से किसानों को सलाह दी गई है कि वे फसलों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएँ. वहीं, शहरों में निवासियों को बिजली गिरने और तेज हवाओं से सावधान रहने की चेतावनी दी गई है. मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 24 से 48 घंटों में यह बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है. लोगों को अनावश्यक यात्रा टालने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है.

# शिक्षा से कर रहे व्यापार : एनएसयूआई

- शासकीय कॉलेजों से अधिक निजी कॉलेजों को मिली मान्यता



**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 3 अक्टूबर. प्रदेश में नर्सिंग कॉलेज घोटाले और सरकार की लापरवाही ने प्रदेश की नर्सिंग शिक्षा को चौपट कर दिया है। कभी नर्सिंग शिक्षा के लिए पूरे देश में पहचान बनाने वाला मध्यप्रदेश आज अविश्वास और भ्रष्टाचार का गढ़ बन चुका है।**

एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने कहा कि भाजपा सरकार और नर्सिंग काउंसिल की नाकामी की वजह से वर्ष 2023-24 का सत्र शून्य ईयर घोषित करना पड़ा था। 2024-25 सत्र में 70 सीटें खाली रह गई थीं और अब 2025-26 सत्र में भी यही शर्मनाक स्थिति दोहराई गई है। छात्रों का मध्यप्रदेश की नर्सिंग शिक्षा से पूरी तरह मोहभंग हो चुका है. मध्यप्रदेश में 2025-26 सत्र 21 में से सिर्फ 8 शासकीय नर्सिंग को मान्यता मिली हैं. वहीं प्राइवेट कालेजों को बीएससी नर्सिंग के 196 कॉलेजों और जीएनएम नर्सिंग के 247 कालेजों को मान्यता मिली हैं. शासकीय और प्राइवेट कालेजों की बीएससी नर्सिंग, जीएनएम नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग, पोस्ट बीएससी नर्सिंग की कुल सीटें मिलाकर 28,560 हैं, लेकिन रजिस्ट्रेशन सिर्फ 17,735 सीटों पर ही हुए. परमार ने कहा कि नर्सिंग में प्रवेश कम होने की सबसे बड़ी वजह मध्यप्रदेश में फर्जी नर्सिंग कॉलेजों का खुलना और वर्तमान में भी इनका संचालित होना है। नर्सिंग माफियाओं के इशारे पर चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारी काम करते हैं और नामांकन से लेकर परीक्षा तक की पूरी प्रक्रिया नर्सिंग माफिया के अनुसार होती है.

### पंडाल में गोली लगने से हुई थी बच्ची की मौत

**भोपाल.** कोलार रोड इलाके में झांकी पंडाल पर खेल रही बच्ची की गुरुवार रात गोली लगने से मौत हो गई थी। मौत की वजह का खुलासा एक्स-रे रिपोर्ट से हुआ है। एक्सरे में साफ हो गया है कि गोली बच्ची की गर्दन और कंधे के बीच ऊपर से घुसी और कमर में जाकर धंस गई। शुक्रवार को शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंपा गया. एफएसएल की टीम ने भी मौका मुआयना कर लिया है। पुलिस के मुताबिक शशि हाइटेक सिटी, राजहर्ष कोलार निवासी सुनील रजक पानी सप्लाई करने का काम करते हैं। परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं।

# विद्युत कंपनी ने 18 लाख शिकायतें की हल

## कंपनी के केंद्रीयकृत कॉल सेंटर 1912 का विस्तार किया गया

**जूनियर रिपोर्टर**

**भोपाल, 03 अक्टूबर. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ता सुविधा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है. कंपनी के केंद्रीयकृत कॉल सेंटर 1912 का विस्तार किया गया है, जिससे अब एक समय में पांच उपभोक्ताओं के कॉल अटेंड किए जा सकेंगे.**

इस व्यवस्था से उपभोक्ताओं को लंबी प्रतीक्षा की समस्या से राहत मिलेगी. कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने बताया कि

### 31 अस्थायी एफओसी का किया संचालन

वित्तीय वर्ष 2024-25 में 18 लाख 13 हजार 526 शिकायतें दर्ज कर उनका निराकरण किया गया. यह संख्या पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 3 लाख अधिक है. कंपनी की सेवाओं से उपभोक्ताओं की संतुष्टिका स्तर भी 99.80 प्रतिशत तक दर्ज किया गया है. वर्ष 2024-25 में कंपनी को करीब 2 करोड़ कॉल्स प्राप्त हुए, जिनमें से 1 करोड़ से अधिक कॉल्स को सफलतापूर्वक अटेंड किया गया. यह आंकड़ा पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 22 लाख से अधिक कॉल्स ज्यादा है.

उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए कंपनी ने एफओसी टीमें भी गठित की हैं. वर्षा काल में स्थायी टीमों के अलावा 31 अस्थायी एफओसी का संचालन किया. साथ ही एक संयोजन पर अधिकतम पांच मोबाइल नंबर पंजीकृत करने की सुविधा शुरू की गई है.

**मीटिंग** महाप्रबंधक की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित

# त्योहार में स्टेशनों पर क्राउड मैनेजमेंट के दिए निर्देश

- पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक ने की अध्यक्षता
- डीआरएम पंकज त्यागी भी रहे मौजूद




**भोपाल 03 अक्टूबर. पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय की अध्यक्षता एवं डीआरएम पंकज त्यागी की उपस्थिति में भोपाल मंडल कार्यालय के सभागृह में शुक्रवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई.**

बैठक में संरक्षा, क्राउड मैनेजमेंट, रेलगाड़ियों के संरक्षित एवं सुरक्षित परिचालन पर जोर देने पर बात हुई. इसके साथ ही प्रमुखता से त्योहारों पर रेलवे स्टेशनों में यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया एवं प्लेटफार्मों और ट्रेनों में क्राउड मैनेजमेंट और अन्य रेल सुविधाओं जैसे अनेक विषयों पर समीक्षा कर विचार-विमर्श किया गया. महाप्रबंधक ने कहा कि संरक्षा पश्चिम मध्य रेलवे की प्राथमिकता हैं. उन्होंने संरक्षा एवं सुरक्षा के संबंध में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने संरक्षा से संबंधित सुधारों को योजनाबद्ध तरीके से पालन करने हेतु निर्देशित किया. मीटिंग के दौरान महाप्रबंधक ने त्योहारों के मददेनजर दीपावली एवं छठ जैसे महत्वपूर्ण पर्व पर यात्रियों को जयादा से ज्यादा रेल सुविधाओं का बेहतर लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

प्रमुख भीड़ वाले स्टेशनों पर यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया बनाया जाए एवं प्लेटफार्मों और ट्रेनों में क्राउड मैनेजमेंट की सतत निगरानी हो, लिफ्ट व एस्क्लेटर की निरंतर मॉनेटरिंग, सीसीटीवी कैमरे और अन्य रेल सुविधाओं को सुनिश्चित किया जाए.

> स्टेशनों एवं ट्रेनों में सुरक्षा की दृष्टि से आरपीएफ एवं जीआरपी द्वारा निरंतर चौबीस घंटे निगरानी सुरक्षा सुनिश्चित हो। साथ ही उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे विदिशा एवं सांची स्टेशन का पुनर्विकास कार्य को इस साल के अंत तक पूरा करने के निर्देश दिए तथा एक स्टेशन एक उत्पाद योजना के स्टालों और प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्रों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. इस बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेश बघेल व अभिराम खरे, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) रामेन्द्र पाण्डेय, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक रोहित मालवीय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

### मछली परिवार प्रकरण में 13 अक्टूबर को होगी सुनवाई

**भोपाल.** यौन शोषण और ड्रग्स तस्करी के मामले में फंसे भोपाल के मछली परिवार प्रकरण में 13 अक्टूबर को जबलपुर हाईकोर्ट में सुनवाई होगी. इससे पहले जिला प्रशासन हाईकोर्ट में दस्तावेज पेश करेगा. ये दस्तावेज नियम-कायदों से जुड़े हैं. हाईकोर्ट ने राज्य सरकार, भोपाल कलेक्टर, डीसीपी क्राइम और तीनों बैंकों के अधिकारियों को रिकॉर्ड के साथ प्रस्तुत होने और कार्रवाई की वैधता स्पष्ट करने को कहा था. पिछले सप्ताह मामले पर सुनवाई हो चुकी है. सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से हाईकोर्ट में जबाव पेश करते हुए बताया गया था कि कानून के दायरे में रहकर ही कार्रवाई की गई है.

# राज्य ने बीएससी और जीएनएम नर्सिंग में 1431 नई सीटें जोड़ी

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 3 अक्टूबर. प्रदेश में नर्सिंग कालेजों की सीओ को लेकर आए दिन चर्चा तेज हो रही है.**

राज्य ने सरकारी और निजी नर्सिंग कॉलेजों में सीटों में वृद्धि की घोषणा की है. आधिकारिक नोटिस के अनुसार, इस वर्ष बीएससी और जीएनएम नर्सिंग पाठ्यक्रमों में कुल 1431 नई सीटें जोड़ी गई हैं, जिसमें निजी कॉलेजों में 355 अतिरिक्त सीटें उपलब्ध कराई गई हैं. वहीं, जीएनएम नर्सिंग कोर्स के लिए निजी कॉलेजों में 731 नई सीटें जोड़ी गई हैं. सीटों का वितरण इस प्रकार है: भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, भोपाल में 40 सीटें, गवर्नमेंट स्कूल ऑफ नर्सिंग, जेए हॉस्पिटल, ग्वालियर में 120 सीटें, गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ नर्सिंग आदि शामिल हैं।

| सरकारी कॉलेज का नाम | सीटें |
|---|---|
| भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, भोपाल | 40 |
| गवर्नमेंट स्कूल ऑफ नर्सिंग, जेए हॉस्पिटल, ग्वालियर | 120 |
| गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ नर्सिंग, मेडिकल कॉलेज, जबलपुर | 120 |
| गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जबलपुर, एमपी | 65 |